Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



# कक्षा - 11

## भूगोल

### भारत भौतिक पर्यावरण

### अध्याय-4 : जलवायु

अभ्यास प्रश्न

ओम प्रकाश खोजा

शीतऋतु

मध्य नवम्बर

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**


**1** (i) जाड़े के आरंभ में तमिलनाडु के तटीय प्रदेशों में वर्षा किस कारण होती है?

अ दक्षिण-पश्चिमी मानसून

ब उत्तर-पूर्वी मानसून

स शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात

द स्थानीय वायु परिसंचरण





**1** (ii) भारत के कितने भू-भाग पर 75 सेंटीमीटर से कम औसत वार्षिक वर्षा होती है?

अ आधा

ब दो-तिहाई

स एक-तिहाई

द तीन-चौथाई

125 सेमी ↓ औसत वार्षिक वर्षा

200 cm. +
100-200 cm.
50-100 cm.
50 cm. से कम

75 cm. से कम

1/3 33.33%

Under CSR Support by ipca | Foundation

# अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



**1** (iii) दक्षिण भारत के संदर्भ में कौन-सा तथ्य ठीक नहीं है?

अ यहाँ दैनिक तापांतर कम होता है।

ब यहाँ वार्षिक तापांतर कम होता है।

स यहाँ तापमान सारा वर्ष ऊँचा रहता है।

द यहाँ जलवायु विषम पाई जाती है।








**1** (iv) जब सूर्य दक्षिणी गोलार्द्ध में मकर रेखा पर सीधा चमकता है, तब निम्नलिखित में से क्या होता है?


अ उत्तरी-पश्चिमी भारत में तापमान कम होने के कारण उच्च वायुदाब विकसित हो जाता है।

ब उत्तरी-पश्चिमी भारत में तापमान बढ़ने के कारण निम्न वायुदाब विकसित हो जाता है। ✗

स उत्तरी-पश्चिमी भारत में तापमान और वायुदाब में कोई परिवर्तन नहीं आता। ✓

द उत्तरी-पश्चिमी भारत में झुलसा देने वाली तेज लू चलती है।






**2** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए:

(i) अंत:उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र क्या है?



**2** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए:

(i) अंत:उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र क्या है?

**उत्तर :**

- विषुवत वृत्त पर स्थित अंतः उष्ण कटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र एक निम्न वायुदाब वाला क्षेत्र है।
- इस क्षेत्र में व्यापारिक पवनें मिलती हैं।
- अतः इस क्षेत्र में वायु ऊपर उठने लगती है।

Under CSR Support by ipca | Foundation


# अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER






- जुलाई के महीने में आई.टी.सी.जेड. 20° से 25° उ. अक्षांशों के आस-पास गंगा के मैदान में स्थित हो जाता है।
- आई.टी.सी. जेड. के उत्तर की ओर खिसकने के कारण दक्षिणी गोलार्द्ध की व्यापारिक पवनें 40° और 60° पूर्वी देशांतरों के बीच विषुवत वृत्त को पार कर जाती हैं।
- कोरियोलिस बल के प्रभाव से विषुवत वृत्त को पार करने वाली इन व्यापारिक पवनों की दिशा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर हो जाती है।








2 (ii) मानसून प्रस्फोट से आपका क्या अभिप्राय है? भारत में सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करने वाले स्थान का नाम लिखिए।



**2** (ii) मानसून प्रस्फोट से आपका क्या अभिप्राय है? भारत में सबसे अधिक वर्षा प्राप्त करने वाले स्थान का नाम लिखिए।

**उत्तर :**

**मानसून का प्रस्फोट**

☛ प्रचंड गर्जन और बिजली की कड़क के साथ आर्द्रता भरी पवनों का अचानक चलना मानसून का 'प्रस्फोट' कहलाता है।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

# अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

## भारत में सबसे अधिक वर्षा वाले क्षेत्र


1. पश्चिमी तट
2. पश्चिमी घाट
3. उत्तर-पूर्व के उप-हिमालयी क्षेत्र
4. मेघालय की पहाड़ियाँ



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

भारत में सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करने वाले स्थान →




(मेघालय)

वर्षा = 1080 सेमी. वार्षिक से अधिक वर्षा।



2 (iii) उत्तर-पश्चिमी भारत में रबी की फसलें बोने वाले किसानों को किस प्रकार के चक्रवातों से वर्षा प्राप्त होती है? वे चक्रवात कहाँ उत्पन्न होते हैं?



**2** (iii) उत्तर-पश्चिमी भारत में रबी की फसलें बोने वाले किसानों को किस प्रकार के चक्रवातों से वर्षा प्राप्त होती है? वे चक्रवात कहाँ उत्पन्न होते हैं?

**उत्तर :**

- उत्तर-पश्चिमी भारत में भूमध्य सागर से आने वाले कुछ क्षीण शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ वर्षा करते हैं।
- कम मात्रा में होते हुए भी यह शीतकालीन वर्षा भारत में रबी की फसल के लिए उपयोगी होती है।



**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए:**

3 (i) जलवायु में एक प्रकार का ऐक्य होते हुए भी भारत की जलवायु में क्षेत्रीय विभिन्नताएँ पाई जाती हैं। उपयुक्त उदाहरण देते हुए इस कथन को स्पष्ट कीजिए।



**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए:**

**3** (i) जलवायु में एक प्रकार का ऐक्य होते हुए भी भारत की जलवायु में क्षेत्रीय विभिन्नताएँ पाई जाती हैं। उपयुक्त उदाहरण देते हुए इस कथन को स्पष्ट कीजिए।


एवम मानसूनी जलवायु

**उत्तर :**

☛ भारत में मानसून की जलवायविक प्रवृत्ति देश की जलवायु में एक प्रकार का ऐक्य प्रकट करती है।




- यद्यपि भारत में बहुत-सी जलवायु सम्बन्धी प्रादेशिक विभिन्नताएँ देखने को मिलती हैं।
- उदाहरण के लिए-केरल और तमिलनाडु की जलवायु उत्तरी भारत के उत्तर प्रदेश तथा बिहार से भिन्न है, जबकि सारे देश में मानसूनी जलवायु कही जाती है।
- जलवायु तत्त्वों में तापमान एवं वर्षा के वितरण में इसी प्रकार की जलवायु सम्बन्धी विभिन्नताएँ मिलती हैं।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

# अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




- उदाहरण के लिए राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में तापमान ग्रीष्म ऋतु में 55°C तक पहुँच जाता है, जबकि इसी समय अरुणाचल प्रदेश में तवांग का तापमान केवल 19°C रहता है।
- वर्षा के वितरण में भी इसी प्रकार की विभिन्नताएँ देखी जाती हैं।
- मेघालय के चेरापूंजी और मॉसिनराम में वार्षिक वर्षा 1,080 सेमी. होती है जबकि राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में केवल 10 सेमी. वर्षा होती है।



तापमान, वायुदाब, पवनें, वर्षा

☛ अतः जलवायु तत्त्वों के आधार पर यह देखा जाता है कि भारत में क्षेत्रीय विभिन्नताएँ विद्यमान हैं, किन्तु मानसून के आधार पर देश के विभिन्न सामाजिक और आर्थिक कार्यों एवं सांस्कृतिक विशेषताओं में पर्याप्त समानताएँ व्याप्त हैं।

# अभ्यास प्रश्न








(ii) भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार भारत में कितने स्पष्ट मौसम पाए जाते हैं? किसी एक मौसम की दशाओं की सविस्तार व्याख्या कीजिए।



**3** (ii) भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार भारत में कितने स्पष्ट मौसम पाए जाते हैं? किसी एक मौसम की दशाओं की सविस्तार व्याख्या कीजिए।

**उत्तर :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार भारत को निम्नलिखित चार स्पष्ट मौसम पाए जाते हैं-

1. शीत ऋतु
2. ग्रीष्म ऋतु
3. दक्षिण-पश्चिमी मानसून की ऋतु (वर्षा ऋतु)
4. मानसून के निवर्तन की ऋतु



## मानसून के निवर्तन की ऋतु

- समय – अक्टूबर और नवंबर महीना


सितंबर माह

- अंत में सूर्य दक्षिणायन
- गंगा के मैदान पर स्थित निम्न वायुदाब द्रोणी दक्षिण की ओर विक्षेपित
- दक्षिण-पश्चिमी मानसून कमजोर
- सितंबर का प्रथम सप्ताह पश्चिमी राजस्थान से प्रत्यावर्तन

Under CSR Support by ipca | Foundation

# अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



- सितंबर के अंत तक राजस्थान, गुजरात, पश्चिमी गंगा मैदान तथा मध्यवर्ती उच्चभूमियों से प्रत्यावर्तन

**अक्टूबर माह**

- आरंभ में बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भागों में मानसून

**नवंबर माह**

- आरंभ में कर्नाटक और तमिलनाडु की ओर बढ़ता है

**दिसंबर माह**

- दिसंबर के मध्य तक निम्न वायुदाब का केंद्र प्रायद्वीप से हिन्द महासागर में स्थापित

Under CSR Support by ipca | Foundation

# अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



## कार्तिक मास की ऊष्मा

- उच्च तापमान और आर्द्रता की दशाओं से युक्त कष्टकारी मौसम
- अक्टूबर माह के उत्तरार्ध में तापमान में तीव्र गिरावट

## वर्षा

- उत्तरी भारत में मौसम सूखा
- प्रायद्वीप के पूर्वी भागों में वर्षा



# अभ्यास प्रश्न





## प्रायद्वीप के पूर्वी भागों में वर्षा

- अक्टूबर और नवंबर वर्ष के सबसे अधिक वर्षा वाले महीने
- वर्षा चक्रवातीय अवदाबों से
- कोरोमंडल तट पर होने वाली अधिकांश वर्षा अवदाबों और उष्ण कटिबंधीय चक्रवातों से प्राप्त होती है।
- कुछ चक्रवातीय तूफान पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और म्यांमार के तट से भी टकराते हैं।